आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- आकाशवाणी आज सरदार वल्लभभाई पटेल व्याख्यानमाला की 67वीं कड़ी का आयोजन करेगा।
- द्वीपसमूह के उपराज्यपाल ने द्वीप पर्यटन महोत्सव को पिछले वर्षों की तुलना में बड़े पैमाने पर आयोजित करने के निर्देश दिए।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय कल से 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0' की शुरुआत करेगा।
- खराब मौसम को देखते हुए वंडूर और रामनगर में आयोजित होने वाले द्वीप समुद्र तट खेल को स्थगित कर दिया गया है।

<><><><><><><><>

आकाशवाणी आज सरदार वल्लभभाई पटेल व्याख्यानमाला की 67वीं कड़ी का आयोजन करेगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान इस पर व्याख्यान देंगे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि इस व्याख्यान की रिकॉर्डिंग सरदार पटेल जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को रात साढ़े नौ बजे आकाशवाणी के सभी केंद्रों से प्रसारित की जाएगी।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित होने वाले वार्षिक द्वीप पर्यटन महोत्सव के प्रस्तावित संस्करण की प्रस्तुति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान, उपराज्यपाल ने पर्यटन विभाग को द्वीपसमूह की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और अपार पर्यटन क्षमता को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित और बढ़ावा देने के उद्देश्य से, इस महोत्सव को पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भव्य, आकर्षक और बड़े पैमाने पर आयोजित करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, पर्यटन आयुक्त सह सचिव, उपराज्यपाल के सचिव, सूचना, प्रचार एवं पर्यटन सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा की शपथ' दिलाई। उन्होंने सभी से अपने कर्तव्यों के निर्वहन में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता के मूल्यों को बनाए रखने, रिश्वत देने या लेने से दूर रहने, नियमों और विनियमों का पालन करने तथा शिकायत निवारण और व्हिसलब्लोअर तंत्र को मजबूत करने का आह्वान किया।

<><><><><><><><>

महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में द्वीपसमूह में रहने वाले वाल्मीकि समाज के सदस्यों के साथ महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने महान ऋषि के आदर्शों, विचारों और उल्लेखनीय योगदान को याद किया। महर्षि वाल्मीकि का जीवन और उनका अमर महाकाव्य 'रामायण' हमें सत्य, धर्म, सदाचार और मानवता के मार्ग पर चलने के लिए निरंतर प्रेरित करता है।

<><><><><><><><>

चुनाव आयोग ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने के निर्धारित फॉर्म 6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आयोग ने यह आरोप नकार दिया कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर में अपने आदेश द्वारा इसमें संशोधन किया था। शीर्ष अदालत में दायर एक जवाबी हलफनामे में चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि एसआईआर आदेशों के तहत आवश्यक घोषणा एक अलग दस्तावेज है और यह फॉर्म 6 का हिस्सा नहीं है। इसमें संशोधन केवल केंद्र सरकार द्वारा ही किया जा सकता है।

चुनाव आयोग ने कहा कि फॉर्म 6 के साथ इस घोषणा को मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए शुरू की गई सत्यापन प्रणाली मैपिंग के तौर पर संशोधित किया गया था। यह तकनीक फॉर्म 6 भरने वाले नए आवेदकों के विवरण को उनके परिवार के पुराने चुनावी इतिहास से जोड़ने का काम करती है।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन कर विशेष रूप से फ्लेक्स–फ्यूल के लिए बनाए गए वाहनों में ई–100 एथेनॉल ईंधन के इस्तेमाल को मंजूरी दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। संशोधित नियमों के अंतर्गत 100 प्रतिशत तक एथेनॉल मिले पेट्रोल पर चलने के लिए विशेष रूप से बनाये और प्रमाणित किये गए वाहनों को ई–100 ईंधन के उपयोग के लिए मान्यता दी गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ई–85 और ई–100 ईंधन का इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकता है, जिन्हें इनके उपयोग के लिए विशेष रूप से बनाया और प्रमाणित किया गया है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कल से 60 दिनों के लिए 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0' की शुरुआत कर रहा है। इस अभियान का उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, बच्चों और युवाओं में इसके सेवन की शुरुआत को रोकना, तंबाकू छोड़ने को बढ़ावा देना और तंबाकू मुक्त वातावरण को बढ़ावा देना है। इस अभियान का शुभारंभ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री कल दिन में 11 बजे करेंगे।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से 30 और 31 अक्टूबर को वंडूर और रामनगर में आयोजित होने वाले द्वीप समुद्र तट खेल को स्थगित कर दिया गया है। मौसम की स्थिति को देखते हुए यह निर्णय जनसुरक्षा के हित में एक एहतियाती उपाय के रूप में लिया गया है।

संशोधित तिथियों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। हालांकि, खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी खेल एवं युवा मामलों के कोच खालिद से, जबकि रामनगर बीच, में होने वाली स्पर्धाओं में पंजीकरण के लिए इच्छुक प्रतिभागी डिगलीपुर के खंड विकास अधिकारी बिजॉय हलधर से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में कल 'वेतन निर्धारण, एमएसीपी और आरटीआई' पर एक 5 दिवसीय पेरिपेटेटिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। यह प्रशिक्षण द्वीप प्रशासन के प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विंग द्वारा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रशासन के समामेलित लिपिक कैडर के कर्मचारी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण / लोक शिकायत प्रकोष्ठ के सचिव सतनाम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कुशल प्रशासन के लिए निरंतर क्षमता निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने अफ्रीकन स्वाइन फीवर के प्रसार को रोकने के चल रहे प्रयासों के तहत द्वीप समूह में जागरूकता, परामर्श, जैव–सुरक्षा और सैनिटाइजेशन गतिविधियों को तेज कर दिया है। विभाग की ओर से सुअर पालकों को फार्म की साफ–सफाई, कीटाणुशोधन, आगंतुकों पर प्रतिबंध, आवाजाही नियंत्रण, बीमारी की समय पर रिपोर्टिंग और अन्य जैव–सुरक्षा उपायों पर परामर्श दिया गया है। कई स्थानों पर जागरूकता बैठकें और शिविर आयोजित किए गए हैं। कई स्थानों पर सामान और यात्रियों का सैनिटाइजेशन किया गया। पंचायत कार्यालयों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। विभाग द्वीपसमूह में इन जागरूकता, निगरानी और जैव–सुरक्षा उपायों को जारी रखे हुए है।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र ने कल से वर्जिन कोकोनट ऑयल उत्पादन, मधुमक्खी पालन और मसाले की खेती पर पांच दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम 30 अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य ओंगी जनजातीय लाभार्थियों के  कौशल और आजीविका के अवसरों को बढ़ाना है। कार्यक्रम में डूगॉन्ग क्रीक के ओंगी जनजातीय समुदाय के कुल 10 सदस्य इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। क्यारी के कार्यवाहक निदेशक डॉ. जय सुंदर ने लाभार्थियों को वीसीओ उत्पादन, मधुमक्खी पालन और मसाले की खेती पर जानकारी दी।

<><><><><><><>